2022

HINDI

(Honours Elective)

Paper : HIN–HE–5036

(पूर्वोत्तर भारत में हिन्दी भाषा और साहित्य)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) अपने स्थापना-काल में असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति किस नाम से जानी जाती थी?

(ख) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा आयोजित की जाने वाली सर्वोच्च परीक्षा का नाम लिखिए।

(ग) भुवन चन्द्र गगै द्वारा स्थापित 'असम पॉलिटेक्निक इंस्टिट्यूशन' में किस ईस्वी से विधिवत् हिन्दी की पढ़ाई शुरू हुई थी?

(घ) 1934 ई० में किस महानुभाव ने पूर्वोत्तर में हिन्दी-प्रचार का काम शुरू कराया था?

(ङ) असम में हिन्दी के प्रचार हेतु एक स्वतंत्र समिति के गठन का सुझाव किसने दिया था?

(च) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :
"राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र ______ है।"

(छ) पूर्वोत्तर में केन्द्रीय हिन्दी संस्थान के कितने शाखा-केन्द्र हैं?

(ज) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की ओर से प्रकाशित होने वाली पत्रिका का नाम क्या है?

(झ) सन् 1948 से पहले असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति किस संस्था द्वारा संचालित परीक्षाएँ चलाती थी?

(ञ) असम में हिन्दी भाषा-साहित्य के प्रचार के संदर्भ में श्रीकांत सूर्य विप्र द्वारा असमिया में अनूदित किस हिन्दी ग्रंथ का उल्लेख किया जाता है?

(ट) 'हीली-बोन् की बत्तखें' शीर्षक कहानी के रचयिता कौन हैं?

(ठ) 'हीली-बोन् की बत्तखें' शीर्षक कहानी में प्रयुक्त 'खू-ब्लाई' शब्द किस भाषा का है?

(ड) "दूर रहो, हत्यारे!" यह किस पात्र का कथन है?

(ढ) 'राह और रोड़े' उपन्यास के रचयिता छगनलाल जैन का जन्म कहाँ हुआ था?

(ण) छगनलाल जैन द्वारा विरचित एक ध्वनि नाटक का नाम लिखिए।

(त) रेणु की माँ का नाम क्या है?

(थ) "मेरे साथ आइए। जो कुछ बन पड़े बचा लें।" यह किसका कथन है?

(द) 'भिण्डी के फूल' के रचयिता कौन हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) असम में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के संदर्भ में श्रीमंत शंकरदेव की चर्चा क्यों की जाती है?

(ख) मेघालय में हिन्दी के प्रचार के संदर्भ में श्रीमती फ्लोरेन्स सांमा की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ग) मणिपुर हिन्दी प्रचार सभा, इम्फाल की स्थापना किस तिथि और किस ईस्वी को हुई थी?

(घ) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, गुवाहाटी शाखा की किन्हीं दो गतिविधियों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) 'समन्वय पूर्वोत्तर' पत्रिका केन्द्रीय हिन्दी संस्थान के किन केन्द्रों की ओर से निकाली जाती है?

(च) "तुमने जो दर्द दिया है, उसमें भी असीम आनंद है।" —किसने कब ऐसा कहा है?

(छ) राजेन्द्र मेधि का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(ज) बाबू ललितचंद्र शर्मा की किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(झ) "किन्तु हठात् वह चेहरे का चिकना बुझा हुआ भाव खुरदुरा होकर तन आया।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ञ) "इस अप्रत्याशित आदर-सम्मान से कली फूली न समाती।" जुही की कली को किस प्रकार आदर-सम्मान मिल रहा था?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) अरुणाचल प्रदेश में हिन्दी के प्रचार-प्रसार की सामान्य जानकारी प्रस्तुत कीजिए।

(ख) असम राष्ट्रभाषा सेवक संघ पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) 'दैनिक पूर्वोदय' अखबार की लोकप्रियता के कारणों का खुलासा कीजिए।

(घ) सिक्किम में हिन्दी की स्थिति पर प्रकाश डालिए।

(ङ) रामनाथ भराली की चारित्रिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(च) 'राह और रोड़े' उपन्यास में प्रयुक्त भाषा पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(छ) भिण्डी के फूल ने जुही की कली से क्या कहा? उस कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

(ज) 'हीली-बोन् की बत्तखें' शीर्षक कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित के सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"इतनी जल्द और इतनी आसानी से उसे यह क्या हो गया! उसे पता लगा कि उसके हृदय के किसी कोने में एक दुर्बल 'नारी' सोई हुई थी, जो आज जग उठी है और जिसे अब कोई सुला नहीं सकता।"

अथवा

"दैत्य-सरीखी उसकी कर्मशक्ति व दौड़धूप उनकी उन्मीलित आँखों के सामने अब भी नाच रही थी। इस अंजाने व्यक्ति के प्रति उनका दिल कृतज्ञता, प्रशंसा और ममता से परिपूर्ण हो गया।"

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) स्वातंत्र्योत्तर कालीन असम में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के इतिहास पर प्रकाश डालिए।

(ख) असम राज्य राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, जोरहाट की गतिविधियों पर सम्यक् चर्चा कीजिए।

(ग) नागालैण्ड और मिज़ोरम में हिन्दी के प्रचार-प्रसार की सामान्य जानकारी प्रस्तुत कीजिए।

(घ) 'राष्ट्रसेवक' पत्रिका के महत्त्व एवं स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'राह और रोड़े' उपन्यास की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए।

(च) रेणु की चारित्रिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(छ) 'राह और रोड़े' उपन्यास की लोकप्रियता के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

(ज) हीली-बोने की मनोदशाओं का चित्रण कीजिए।

★★★